

# न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय, मेरठ

विविध प्रार्थना पत्र सन् 2022

श्री, राम गुप्ता पुत्र श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी 181 नन्दन कुंज, डब्लू0के0 रोड, मेरठ बहैसियत अधिकृत हस्ताक्षरी मैसर्स वाराह मूर्ति फ्लैक्सीरब इण्डस्ट्रीज प्रा0लि0, 6715/10, फर्स्ट फ्लौर, प्यारेलाल रोड, करोल बाग, नई दिल्ली ।

............प्रार्थी।

बनाम्

उ0प्र0 सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय, मेरठ

............विपक्षी।

**<u>प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 80 यू०पी०आर०सी० 2006</u>**

122/RA

श्रीमानजी,

प्रार्थी निम्न निवेदन करता है:-

1- यह कि प्रार्थी कम्पनी खसरा नम्बर 451अ सालिम क्षेत्रफल 1.1440 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 451ब सालिम क्षेत्रफल 3.0370 हैक्टेयर भूमि कुल नम्बरान 2 कुल क्षेत्रफल 4.1810 हैक्टेयर में क्षेत्रफल 2.0905 हैक्टेयर यानि 20905 वर्गमीटर स्थित ग्राम पुठरी परगना तहसील व जिला मेरठ की भू-स्वामी है, और ग्राम पूटरी परगना तहसील व जिला मेरठ के भू अभिलेखों में कम्पनी का नाम उक्त खसरा नम्बर पर बतौर संक्रमणीय भूमिधर अंकित है।

2- यह कि कम्पनी के हिस्से के भू-भाग में कृषि अथवा कृषि से सम्बन्धित कुकुट पालन, मत्स्य पालन, बागवानी अथवा कृषि से सम्बन्धित अन्य कोई कार्य नही हो रहा है। कम्पनी के हिस्से का भू-भाग चारदीवारी के अन्दर है। जिसमें दो कमरे बने हुये है, तथा कम्पनी के हिस्से के भू-भाग में कृषि का कार्यवाही नही हो रहा है, जो अकृषक की श्रेणी में आता है।

3- यह कि भविष्य में भी कम्पनी के हिस्से के भू-भाग पर कृषि कार्य होने की कोई सम्भावना नही है।

अत: श्रीमानजी माननीय न्यायालय से प्रार्थना है कि तहसीलदार तहसील मेरठ से आवश्यक आख्या आहुत कर खसरा नम्बर 451अ व 451ब क्षेत्रफल 2.0905 हैक्टेयर यानि 20905 वर्गमीटर को अकृषक घोषित किये जाने के आदेश पारित करने की कृपा करें।

दिनांक 14-10-2022ई0

प्रार्थी

Ram Gupta

श्री, राम गुप्ता पुत्र श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी 181 नन्दन कुंज, डब्लू0के0 रोड, मेरठ बहैसियत अधिकृत हस्ताक्षरी मैसर्स वाराह मूर्ति फ्लैक्सीरब इण्डस्ट्रीज प्रा0लि0, 6715/10, फर्स्ट फ्लौर, प्यारेलाल रोड, करोल बाग, नई दिल्ली

तहसीलदार मेरठ

कृ0 नियमानुसार जाँचकर (आख्या) प्रस्तुत करें।

उपजिलाधिकारी मेरठ 14/10/2022

111/80/RC पटरी

राजस्व निरीक्षक / लेखपाल

कृपया जाँच सम्बन्धित नियमानुसार कार्यवाही कर आख्या दें

तहसीलदार मेरठ 19/10